भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2559**

दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**'विकसित भारत 2047'**

2559. **श्री के. सुधाकरन:**

**श्री हैबी ईडन:**

**श्री बैन्नी बेहनन:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'विकसित भारत 2047' की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान राज्य-वार और क्षेत्र-वार कुल कितने लोगों से परामर्श किया गया है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार 'विकसित भारत 2047' दृष्टिकोण के लिए नागरिकों से प्राप्त परामर्श और सुझावों को सार रूप देते हुए एक औपचारिक प्रतिवेदन जारी करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या; और

(ग) सरकार का आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त परामर्श के सुलभ अभिलेख की कमी के संबंध में उठाई गई चिंताओं के उत्तर में क्या कार्रवाई करने का विचार है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) भिन्न-भिन्न मंत्रालयों और सचिवों के क्षेत्रीय समूहों को 'विकसित भारत @2047' तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान विभिन्न परामर्शों और ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 14 लाख से अधिक लोगों से सूचना प्राप्त हुई।

(ख) नीति आयोग 'विकसित भारत 2047' विज़न दस्तावेज को संकलित करने में सचिवों के विभिन्न क्षेत्रीय समूहों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है।

(ग) मौजूदा दिशा-निर्देशों के आधार पर आरटीआई के उत्तर प्रदान किए जा रहे हैं।

*****